□ जनपद- हाथरस। □

♦□ प्रेस नोट सं0- 71♦□

□ दिनांक-18.01.2025□

!!□ थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्रैक्टर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये चैकिंग के दौरान अन्तर्जनपदीय वाहन चोरी के गिरोह के 04 सदस्यो को किया गिरफ्तार,कब्जे से चोरी का 01 महिन्द्रा ट्रैक्टर बरामद !!□

<u>जनपद हाथरस के अलावा अलीगढ, एटा व अन्य जनपदो में चोरी की घटनाऐ कारित करते है।</u>

अवगत कराना है कि दिनांक 10.12.2024 को वादी श्री श्याम सिंह पुत्र राम सिंह निवासी टीकरी खुर्द सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ पर सूचना दी कि दिनांक 08.12.2024 को समय करीब 21.00 बजे अपना ट्रैक्टर ट्रौला ग्राम के ही उमराव सिंह के स्पेलर के सामने खडा कर दिया था। जिसको अगली सुबह 05.00 बजे लेने पहुंचा तो ट्रैक्टर ट्रौला वहाँ नही था तलाश करने पर भी नही मिला। अज्ञात चोर द्वारा उसका ट्रैक्टर चोरी कर लिया है। वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

➡□ पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ को निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में दिनांक 17/18.01.2025 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिकंद्राराऊ पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही मे चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए 04 शातिर वाहन चोरो को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जिनके कब्जे से चोरी का 01 महिन्द्रा ट्रैक्टर बरामद हुआ है। अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकंद्राराऊ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➡□ गिरफ्तार अभियुक्तगणो ने पूछताछ में बताया कि हम लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न जनपदो में ट्रैक्टर चोरी करते है तथा चोरी करके उसको बेच देते है। दिनांक-08.12.24 को थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्र से एक ट्रैक्टर ट्रौला चोरी किया था, जिसको हम लोगो ने अपने साथियो के साथ मिलकर जनपद सम्भल मे बेच दिया था। साथ ही पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा पूर्व में जनपद में थाना सादाबाद, हाथरस जंक्शन व सहपऊ क्षेत्र में भी चोरी की थी तथा जनपद हाथरस के अलावा अलीगढ, एटा व अन्य जनपदो में ट्रैक्टर चोरी की थी। बरामद महिन्द्रा ट्रैक्टर के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि उसने यह महिन्द्रा ट्रैक्टर एटा क्षेत्र से चोरी किया था। जिसके संबंध में थाना निधौली कला जनपद एटा में पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण एक शातिर किस्म के अपराधी है, जो अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर जनपद हाथरस के अलावा विभिन्न जनपदो में ट्रैक्टर चोरी की घटनाऐ कारित करते है। घटनाओं में शामिल अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. राहुल उर्फ बीटू यादव पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम पिलखतरजैत थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. कुलदीप यादव पुत्र रघुनाथ निवासी ग्राम पिलखतरजैत थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
3. अमरुद्दीन उर्फ वकील पुत्र अजीजुद्दीन निवासी हाथवन्त थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद।
4. इकबाल पुत्र घासी निवासी मौहल्ला टंकी कस्वा व थाना बहजोई जनपद सम्भल।

बरामदगी का विवरण-

01 ट्रैक्टर महिन्द्रा 575 नं0 UP82 AD 2661 (चोरी हुआ)

आपराधिक इतिहास अभियुक्त राहुल उर्फ बीटू यादव उपरोक्त

1. मु0अ0स0 630/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस
2. मु0अ0सं0 19/2025 धारा 317(2)/15(1)/106 BNS बी0एन0एस0 थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस
3. मु0अ0स0 238/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना निधौली कलां जनपद एटा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त कुलदीप यादव पुत्र रघुनाथ उपरोक्त

1. मु0अ0स0 630/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस
2. मु0अ0सं0 19/2025 धारा 317(2)/15(1)/106 BNS बी0एन0एस0 थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस
3. मु0अ0स0 238/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना निधौली कलां जनपद एटा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अमरुद्दीन उर्फ वकील उपरोक्त

1. मु0अ0स0 630/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस
2. मु0अ0सं0 19/2025 धारा 317(2)/15(1)/106 BNS बी0एन0एस0 थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस
3. मु0अ0स0 238/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना निधौली कलां जनपद एटा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त इकबाल पुत्र घासी उपरोक्त

1. मु0अ0स0 630/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस
2. मु0अ0सं0 19/2025 धारा 317(2)/15(1)/106 BNS बी0एन0एस0 थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस
3. मु0अ0स0 238/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना निधौली कलां जनपद एटा

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार राठी मय टीम थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।
2. प्रभारी एसओजी श्री गिरीश चन्द्र गौतम मय स्वाट टीम जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS